# अलीगढ़, गोंडा-चित्रकूट में 28,010 करोड़ के निवेश प्रस्ताव

- अलीगढ़ में 303 निवेशकों ने दिए 13,422 करोड़ के निवेश के प्रस्ताव
- गोंडा में खुलेगा जिंजर व विवांता होटल, 3100 करोड़ का होगा निवेश
- चित्रकूट में पर्यटन, ऊर्जा व औद्योगिक विकास में 11,488 करोड़ के प्रस्ताव

जागरण टीम, लखनऊ : लखनऊ में अगले माह होने वाले राज्यस्तरीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पहले ही मंगलवार को गोंडा, चित्रकूट और अलीगढ़ में बड़े निवेश का रोडमैप तैयार किया गया। इन जिलों में जिलास्तरीय इन्वेटर्स समिट का आयोजन किया गया। तीनों जिलों में उद्यमियों से कुल मिलाकर 28,010 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए।

सबसे अधिक अलीगढ़ में 13,422 करोड़ के निवेश के प्रस्ताव आए। 21 अलग-अलग क्षेत्रों के 303 निवेशकों ने ये प्रस्ताव प्रशासन को सौंपे हैं। इसमें रियल एस्टेट, कृषि, डेयरी, शिक्षा, लाजिस्टिक, टेक्सटाइल, हार्डवेयर, इंफ्रास्ट्रक्चर और सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र में बड़ी संख्या में निवेशकों ने दिलचस्पी दिखाई। नौ निवेशकों ने 1,661 करोड़ रुपये के निवेश का मौके पर एमओयू साइन किया।

अधिकारियों के मुताबिक इन निवेश प्रस्तावों से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से करीब 1.47 लाख रोजगार सृजित होंगे।

अयोध्या से सटे गोंडा जिले के नवाबगंज क्षेत्र में टाटा समूह जिंजर व विवांता होटल खोलेगा। इसके अलावा एथेनाल प्लांट सहित अन्य उद्यमों की स्थापना होगी। 55 उद्यमियों ने 3,100 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दिया है। इससे करीब आठ हजार लोगों को रोजगार भी मिलेगा। सदर विधायक प्रतीक भूषण शरण सिंह ने दीप जलाकर इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन किया। 38 उद्यमियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। विवांता अयोध्या ने 200 करोड़, जिंजर अयोध्या ने 200 करोड़, अनंत अर्थव एग्रोफूडस ने 150 करोड़, स्टार होटल ने 60 करोड़ और अवध जैविक फामर्स प्रोड्यूसर कंपनी ने 50 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्ताव दिया है।

धर्मनगरी चित्रकूट में हुए 'टूरिज्म कान्क्लेव व ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट' में 11,488 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। स्थानीय सहित मेसर्स टुस्को लिमिटेड, मेसर्स वरुण बेवरेजेज लिमिटेड और मेसर्स एमवीएम मोटर्स आदि कंपनी के 128 निवेशकों ने समझौता पत्र (एमओयू) में हस्ताक्षर किए। पर्यटन, ऊर्जा और औद्योगिक विकास में निवेश के लिए निवेशकों ने रुचि दिखाई है।

**यह और उप्र की राजनीति, सरकार और अपराध संबंधित अन्य खबरें www.jagran.com पर पढ़ें**